Sixteenth Loksabha

>

Title: Need to provide funds for construction of Yamunanagar-Chandigarh railway line and upgradation of Ambala Railway Station.- Laid

श्री रत्न लाल कटारिया (अंबाला) : मैं आदरणीय रेलवे मंत्री जी का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र में नई बनने वाली यमुनानगर चंडीगढ़ रेलवे लाइन जिसकी लंबाई 91 किलोमीटर है और फ्रांस की मदद से अंबाला रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बनाए जाने की ओर दिलाना चाहता हूं। यद्यपि सरकार ने दिनांक 29.3.2017 को तारांकित प्रश्न संख्या 394 व तारांकित प्रश्न 446 दिनांक 5.4.2017 में इन प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के संकल्प को दोहराया है। अगर अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन विश्व स्तर की सुविधाओं से पूर्ण होता है तो यह चार- पांच राज्यों के लिए एक रेलवे हब का स्रोत बन सकता है। सरकार ने हाई स्पीड रेलवे के प्रोजेक्ट को भी अपने हाथ में लिया है। अगर यमुनानगर से चंडीगढ़ तक बनने वाली रेलवे लाइन को आधुनिक टेक्नोलॉजी के आधार पर बनाया जाता है तो यह रेलवे लाइन भी आने वाले समय में उतरी हरियाणा में गेम चेंजर हो सकती है। यद्यपि पिछले वर्ष के बजट में इस रेलवे लाइन के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था परंतु इस वर्ष के बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। यह प्रोजेक्ट्स केंद्र व राज्य सरकार को पूरा करना है। केंद्र व राज्य सरकार के बीच एम ओ यू पर हस्ताक्षर हुए हैं।

अतः मैं यह मांग करता हूं कि हरियाणा सरकार व केंद्र सरकार द्वारा जो जॉइंट वेंचर रेलवे कमेटी गठित की गई है, उसके अंदर इस मामले को सुलझाकर भूमि अधिग्रहण व रेलवे लाइन बिछाने के लिए तुरंत बजटरी प्रावधान किए जाएं।

अतः मैं अनुरोध करता हूं कि विकास के मील का पत्थर साबित होने वाली उपरोक्त परियोजना हेतु धनराशि का प्रावधान किया जाए।